हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

12 विद्यार्थियों को करवाया योगासनों का अभ्यास

12 महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया महिला थाने का निरीक्षण


## खबर संक्षेप

### ट्राले और निजी बस में हुई टक्कर, चार घायल

**झज्जर :** शुक्रवार देर सांय झज्जर-रेवाड़ी मार्ग पर गांव सिलानी बाईपास के नजदीक ट्राले और निजी बस की टक्कर हो गई। जिसके कारण निजी बस में सवार तीन-चार लोगों को चोटें लगी है। एक महिला की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि निजी बस झज्जर से रेवाड़ी जा रही थी और उसमें करीब 40 से 50 सवारियां बैठी थी।

### मेंटीनेंस कार्य के चलते बिजली रहेगी बाधित

**झज्जर :** शनिवार को 33केवी ओल्ड पावर हाउस से सिटी नंबर 4 फीडर पर तार बदलने के कार्य के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में सुबह दस बजे से लेकर शाम छह बजे तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि कार्य पूरा होने उपरांत बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। मेंटीनेंस कार्य के कारण प्रभावित क्षेत्रों में धौड़ चौक, महाराजा होटल के पीछे वाला क्षेत्र, बेरी गेट, कच्चा बेरी रोड व नया बस अड्डा क्षेत्र शामिल हैं।

### ठेके पर मारा छापा मिली अवैध शराब

**बहादुरगढ़।** आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव जसोरखेड़ी में स्थित एक ठेके पर छापा मारा। इस दौरान ठेके में मौजूद शराब की जांच की गई। जांच के दौरान एक ब्रैंड की 9 पेटी सात बोतल, तथा तीन पेटी 22 हाफ शराब बरामद हुई।

# फैक्ट्रियों के कूड़े में खुलेआम आग लगाने से जहरीली हो रही हवा

**मुंगेशपुर ड्रेन के निकट शामलात भूमि पर औद्योगिक कचरे को आग के हवाले कर देते हैं फैक्ट्रियों के कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** परनाला के निकट ड्रेन किनारे औद्योगिक कचरे से उठता धुआं।

आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) में प्रदूषण की दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ जहां फैक्ट्रियों से निकल रहे धुएं के कारण लोगों का दम घुट रहा है। वहीं दूसरी ओर फैक्ट्रियों के कचरे को खुली जगह पर डालकर आग के हवाले कर फिजा में जहर घोला जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लापरवाही के कारण ही खुले में फैक्ट्रियों का कचरा जलाया जा रहा है, जो क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है। यह काम करने और रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही

दरअसल, एमआईई के साथ से गुजर रही मुंगेशपुर ड्रेन से सटे गांव परनाला की शामलात भूमि है। दिन के उजाले में इस जमीन पर फैक्ट्रियों के प्लास्टिक व रबड़ का वेस्ट डाल दिया जाता है। जबकि रात के अंधेरे में इस इंडस्ट्रियल वेस्ट को आग के हवाले कर दिया जाता है। गांव परनाला के ग्रामीण ओमप्रकाश फौजी, प्रीतम, रामकरण, राकेश, बिजेंद्र, जगबीर, राजीव व सुखबीर आदि ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री मालिकों द्वारा एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। औद्योगिक क्षेत्र में कई फैक्ट्रियों से कूड़ा निकलता है और उसे यहां शामलात भूमि पर डालकर खुले में जलाया जा रहा है। इससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ ही ग्रामीणों को भी बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि जहरीली हवा के कारण ग्रामीण लगातार गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

### रात के अंधेरे का उठाया जाता है फायदा



सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने बताया कि एमआईई में अनेक छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं, लेकिन उनसे निकलने वाले कूड़े के निस्तारण की बजाय खुले में डालकर जलाया जा रहा है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कंपनी के कर्मचारी मौका देखकर कूड़े को खुले में डालकर आग लगाकर चले जाते हैं। यह स्थिति रोजाना देखने को मिलती है। पर्यावरण संरक्षण की बदहाल स्थिति को देखते हुए भी प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता भी नहीं समझी। इस मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# अनाज मंडी में गेटपास कटवाने के लिए लंबी लाइनों में लगने का मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** गेटपास कटवाने के लिए लाइन में लगे किसान व धर्मकांटा पर वजन कराने के लिए लगी वाहनों की कतार। फोटो : हरिभूमि

- तीन घंटे में आता है टोकन नंबर

स्थानीय अनाजमंडी में गेहूं व सरसों की बंपर आवक दर्ज की जा रही है। लेकिन फसल लेकर पहुंचे किसानों को गेट पास कटवाने के लिए घंटों लाइनों में लगना पड़ रहा है। लंबी कतारों को देखकर किसानों द्वारा अन्य काउंटर बनाए जाने की मांग भी की जा रही है। किसानों का कहना है कि उन्हें गेट पास कटवाने के लिए करीब तीन घंटे तक का इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि किसानों को तेज धूप से बचाने के लिए अतिरिक्त टेंट की व्यवस्था भी मार्केट कमेटी प्रबंधन द्वारा की गई थी लेकिन सूरज ढलने तक किसानों की लंबी कतार गेटपास काउंटर पर बनी रही। अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप ने बताया कि शुक्रवार तक जहां अनाज मंडी में सरसों की करीब 49 हजार 700 क्विंटल आवक दर्ज की गई। वहीं करीब सात सौ क्विंटल फसल का उठान भी किया गया। इसके अलावा अब तक 3530 क्विंटल गेंहू भी अनाजमंडी पहुंच चुका है लेकिन गेहूं की शुक्रवार को कोई खरीद नहीं हो पाई। खरीद एजेंसी हैफेड के अधिकारी भी दिनभर सरसों की फसल की ढेरियों में नमी की जांच करते हुए दिखाई दिए।

**धर्मकांटा चलने से मिली राहत**

खास बात यह रही कि अनाजमंडी में बनाया गया धर्मकांटा सुचारू होने के कारण किसानों को अपनी



फसलों का वजन कराने के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ा। स्थानीय अनाजमंडी में इस सुविधा का लाभ मिलने के कारण किसानों ने राहत की सांस ली।

# बहादुरगढ़ अनाज मंडी में शुक्रवार को खरीदी गई 741.60 क्विंटल सरसों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** अनाज मंडी की फड़ पर मौजूद सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

- बहादुरगढ़ की मंडी में अभी तक 4172.95 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी

एक तरफ गेहूं की कटाई चल रही है तो दूसरी तरफ मंडियों में सरसों खरीदी जा रही है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में शुक्रवार को 741.60 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई, जबकि मात्र 50 क्विंटल ही प्राइवेट खरीद हो सकी। अभी तक बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 4172.95 क्विंटल सरकारी खरीद हो चुकी है।

दरअसल, सरकार ने 26 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने का एलान किया था लेकिन बहादुरगढ़ में चार दिन बाद यह प्रक्रिया शुरू हो सकी थी। इसके बाद से लगातार किसान मंडी में फसल लेकर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को भी इलाके के विभिन्न गांवों के काफी लोग अपनी फसल लेकर आए। मंडी के फड़ सरसों से अटे पड़े हैं। शुक्रवार को हैफेड की ओर से 741.60 क्विंटल खरीद की गई। अब तक मंडी में 4172.95 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। इस दफा सरकार ने सरसों की एमएसपी 5650 रुपये निर्धारित की है, जबकि आढ़ती 4800 से पांच हजार रुपये के बीच खरीद रहे हैं। इसलिए किसान सरकारी खरीद को ही तवज्जो दे रहे हैं। बात करें उठान की तो इस प्रक्रिया में भी धीरे-धीरे तेजी आ रही है। अभी तक 1305 क्विंटल उठान हो चुका है। उधर, गेहूं की खरीद के लिए भी पूरी तैयारियां कर ली गई है। लेकिन गेहूं की फसल अभी मंडी में नहीं पहुंची है। खेतों में गेहूं कटाई का कार्य चल रहा है। मौसम को देखते हुए कटाई कार्य में तेजी ला रहे हैं। मार्केट कमेटी की सचिव अंजू का कहना है कि गेहूं खरीद और उठान प्रक्रिया सुचारू है।

# चिकित्सक ने लगाया महिला पर थप्पड़ मारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी एवं अस्पताल स्टॉफ सदस्य।

- घटना के बाद दिनभर स्टॉफ सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर थे चिंतित

शुक्रवार सुबह नागरिक अस्पताल परिसर में एक महिला द्वारा चिकित्सक को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद महिला पुलिस में शिकायत करने की बात करते हुए अपने पति के साथ वहां से चली गई। इस घटना के बाद दिनभर स्टॉफ सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दिए। बाद में संबंधित चिकित्सक ने पुलिस को सूचना दी। चिकित्सक के अनुसार उसके मोबाइल फोन पर किसी अंजान नंबर से जब मिस कॉल आई तो उसने जवाब में उसी नंबर पर कॉल की। दो-तीन बार फोन करने के बाद भी जब बात नहीं हो पाई तो उन्होंने उस नंबर पर मैसेज किया। इसके तुरंत बाद वहां पहुंची महिला ने बगैर किसी कारण के थप्पड़ मार दिया। जबकि दूसरी ओर महिला के पति का कहना है कि वह अस्पताल में अपनी पत्नी के उपचार के लिए आया था। इसी दौरान उनके फोन नंबर पर मिस कॉल आई जिसके बाद उन्होंने फोन लगाने की कोशिश की तो वह नहीं लगा। तभी मैसेज में देखकर चिकित्सक का नंबर होने का पता चला। उसकी पत्नी को इस बात का ताज्जुब है कि चिकित्सक के पास उसका नंबर कहां से आया। इस मामले में जब सिटी थाना प्रभारी सदानंद से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित चिकित्सक द्वारा मेडिकल कराया जा रहा है। महिला द्वारा सरकारी कर्मचारी पर इस प्रकार हाथ उठाना सही नहीं है। यदि चिकित्सक द्वारा शिकायत दी जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चालकों पर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालक का चालान करते हुए पुलिस टीम।

ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान को लेकर यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को भी सख्ती से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग करते हुए 18 ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले 59 चालकों सहित यातायात के अन्य नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के 258 वाहन चालकों के चालान किए गए। एसीपी अखिल कुमार ने यातायात व्यवस्थाओं को जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा सावधान रहना चाहिए नियमों की अनदेखी करने वाले अपने ही नहीं दूसरों के भी जीवन को खतरे में डाल देते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने नाबालिग बच्चों को दुपहिया वाहन चलाने को न दें क्योंकि यह यातायात के नियमों की अवेहलना है जबकि बच्चे एक मोटरसाइकिल पर तीन चार सवार होकर तेज रफ्तार व लापरवाही से मोटरसाइकिल को चलाते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को समझाएं, वरना पुलिस द्वारा बच्चों के अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एचएल सिटी में 10 दिवसीय क्रॉफ्ट मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** दीप प्रज्जवलित कर मेले का उद्घाटन करती शैलजा जून व अन्य,क्रॉफ्ट मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्कूली विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

- एमएसएमई की निदेशिका नीलिमा और जीडी गोयनका स्कूल की संचालिका शैलजा जून ने किया उद्घाटन

शहर की एचएल सिटी में दस दिवसीय क्रॉफ्ट मेले का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया। एमएसएमई की निदेशिका नीलिमा और जीडी गोयनका स्कूल की संचालिका शैलजा जून ने मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कलाकार दशकों से हाथ के हुनर को नए आयाम दे रहे हैं। इस मौके पर शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल, एवेन्यू-37 के निदेशक अतुल नारंग, डॉ. राजेंद्र जांगड़ा, अनुराग नारंग, सुप्रिया दलाल, श्वेता व विजय आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्राचीन कारीगर एसोसिएशन और रूरल अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित एचएल सिटी क्रॉफ्ट मेला-2024 में देशभर के 52 हुनरमंद कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। इस मेले का शुभारंभ करते हुए एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून की पत्नी शैलजा जून और एमएसएमई की निदेशक नीलिमा ने देशभर के शिल्पकारों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प परंपरावादी कारीगरों की सांस्कृतिक पहचान का दर्पण हैं। इन शिल्पों में भारतीय संस्कृति का जादुई आकर्षण है, जो इसकी अन्यत्र सौंदर्य गौरव और विशिष्टता का विश्वास दिलाता है। शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल ने बताया कि मेले का समापन 14 अप्रैल को होगा। क्रॉफ्ट मेले में राजस्थान के मनीश की ब्लॉक प्रिंट, गणपत के वूडन ट्वायज, रियान का किशनगढ़ फर्नीचर, महेंद्र की जयपुरी ज्वैलरी, उत्तरप्रदेश के समर की बनारसी साड़ी, रविंद्र की खुर्जा पॉटरी, बिहार के गिरीश की भागलपुर साड़ी, उड़ीसा के विभु की पट्टिचत्रकला, पश्चिम बंगाल के गोविंद पाल के जूट बैग, अजय साहू की पर्ल व सिल्वर ज्वैलरी, ईश्वर जाना का कांथा वर्क, चंडीगढ़ के तरुण की धूप, हरियाणा की साक्षी गर्ग का सांझी आर्ट, ममता व अर्चना की क्ले ज्वैलरी, दिल्ली के गंगा लहरी का टेराकोटा, मनोज के ड्राई फ्लॉवर, श्रीनिवास की पेंटिंग आदि कद्रदानों को लुभा रही हैं।

स्थानीय कलाकार देव, आंचल, लक्ष्य, विभु, लविशा, ज्योति, ऊषा, ट्विंकल, अमृता व पारुल भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं।





दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नालेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

## विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।

### क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।



### जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

### फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

### बेस्ट इंस्टिट्यूट

**दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

### एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।



### एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

### एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

### एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

### पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

---

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है, वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए, पैसा, कपड़े, किताबे, बाइक, कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

### टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं। यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया, बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया, दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर, जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

### इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स, अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं, हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार (बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवक की स्कूटी छीनकर फरार

**रेवाड़ी।** बगथला के निकट बाइक सवार तीन बदमाश एक युवक की स्कूटी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्राणपुरा निवासी नितिन ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत मे बताया कि वह घर से स्कूटी लेकर किसी काम से राजस्थान के टपूकड़ा गया था। वहां से वापस घर आते समय बगथला के पास पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने बाइक आगे लगाकर उसकी स्कूटी रुकवा ली। जब तक वह कुछ समय पाता, तीनों ने जबरदस्ती उससे स्कूटी छीन ली। तीनों आरोपी स्कूटी लेकर भाग गए।

### झुग्गियों में रहने वाली युवती अचानक लापता

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन एरिया में झुग्गियों में रहने वाली एक युवती अचानक लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। परिवार के साथ झुग्गी में रहता है। 18 वर्षीय बेटी 2 मार्च को अचानक कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बेटी का कोई पता नहीं चला।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**बावल।** आयसर कंपनी की एजेंसी के पास सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े युवक की बाइक को ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। पुलिस बयान में बावल गांव निवासी ब्रह्मदेव ने बताया कि वह एजेंसी से बाहर आने के बाद सड़क के पास कच्चे रास्ते में अपने दोस्त श्रीकांत के साथ खड़ा बात कर रहा था। एक ब्रेजा कार ने बाइक और उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक टूट गई और वह घायल हो गया।

### वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 'से नो टू ड्रग्स' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# युवाओं के भविष्य को निगल जाता है नशा

- मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना प्रभारी राजेश कुमारी ने छात्राओं को जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 'से नो टू ड्रग्स' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना प्रभारी राजेश कुमारी ने छात्राओं को जागरुक किया। महिला प्रकोष्ठ, लीगल सेल, एक्सटेंशन लेक्चरर समिति, एनएसएस व वाईआरसी की देखरेख में स्वयंसेविकाओं ने रैली निकालकर समुदाय के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। एसएचओ राजेश कुमारी ने कहा कि ड्रग्स का सेवन या लत विश्व के युवाओं को प्रभावित करती है। यह सामाजिक, शारीरिक, सांस्कृतिक, भावनात्मक और आर्थिक हानि का कारण बना है। उन्होंने इंटरनेट से जुड़े अपराध और बचाव के बारे में बताया। उनके अनुसार जागरूकता के साथ साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को 'एप-112' के बारे में भी बताया कि ऑफिस या कॉलेज से घर जाते हुए अगर किसी लड़की को कोई परेशान करे तो सतर्कता से काम लेना चाहिए। एमरजेंसी के लिए गवर्नमेंट की एप 112 से मदद ले सकते हैं। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि मादक पदार्थों का प्रयोग नरक का एकतरफा रास्ता है। युवाओं के भविष्य को निगल जाता है नशा इसका उपभोग गंभीर मौत का कारण बन सकता है। हमें नशे का उपयोग कभी नहीं करना चाहिए और साथ ही दूसरों को इनका सेवन करने से रोकना चाहिए। इस अवसर पर सुनीता, सरला देवी, रजनी व ललिता मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। छात्राओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करती एसएचओ राजेश कुमारी। फोटो :हरिभूमि

## अवैध शराब की शिकायतों के लिए स्थापित होगा स्पेशल कंट्रोल रूम, 24 घंटे करेगा काम

**झज्जर।** शुक्रवार को एडिशनल एक्साइज कमिश्नर आशुतोष रंजन ने जिला के शराब ठेकेदारों के साथ मीटिंग करते हुए सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी व शराब तस्करी की शिकायतों के लिए जिला में स्पेशल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा, जो 24 घंटे काम करेगा। शराब बिक्री व परिवहन व स्टोरेज को लेकर नियमों में किसी प्रकार की लापरवाही होने पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक्साइज पॉलिसी नियमों के अनुसार ठेकेदारों को कार्य करना होगा व किसी प्रकार की नियमों की अनदेखी पाई जाती है तो उनके लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द किए जाएंगे।



झज्जर। एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के एडिशनल कमिश्नर आशुतोष रंजन मीटिंग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

## केवाईसी ऐप से मतदाता देख सकते हैं अपने उम्मीदवार की प्रोफाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी एप की शुरूआत की है।

जिसके मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी ऐप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है।

# झाड़ली रेलवे स्टेशन पर हुई आमजन प्याऊ की शुरूआत

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा शुक्रवार से झाड़ली रेलवे स्टेशन पर आमजन प्याऊ की शुरूआत की गई। संस्था प्रधान प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान मुकेश कुमार गर्ग ने मुख्यातिथि के तौर पर आमजन प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने समिति द्वारा शुरू किए गए इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि संस्थाओं को इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करते रहना चाहिए। इस मौके पर झाड़ली पुलिस चौकी प्रभारी रविंद्र, पीएनबी बहु के मैनेजर दलीप सिंह, समिति उपाध्यक्ष अनिल गहलावत, शिव नारायण पूनिया, सन्नी कुमार, दीप शर्मा, देव भारद्वाज, कृष्ण कुमार, संदीप, श्याम लाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। आमजन प्याऊ का शुभारंभ करते हुए संस्था पदाधिकारी एवं मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि

# निबंध लेखन में गौरव ने पाया पहला स्थान

- प्रतियोगिता में 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य परिषद् और सृजनात्मक लेखन समिति के तत्वावधान में सोशल मीडिया के प्रभाव पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गौरव ने पहला स्थान प्राप्त किया। एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा राशिका दूसरे स्थान पर रही। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा जयश्री ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज का ज्वलंत विषय है, जिसका आधुनिक पीढ़ी पर बहुत गहरा असर हुआ है। सोशल मीडिया का उपयोग हमारी दिनचर्या और कार्यशैली को प्रभावित कर रहा है। इसलिए विद्यार्थी सोशल मीडिया का इस्तेमाल सोच-समझकर करें और इससे प्राप्त होने वाली सूचनाओं की प्रामाणिकता की जांच किए बिना उनको फॉरवर्ड ना करें। सोशल मीडिया में गोपनीयता की कमी होती है और कई बार निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। इसके अलावा हैकिंग और फिशिंग जैसे साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ जाता है।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों को करवाया योगासनों का अभ्यास

- शिविर में स्कूल के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भागीदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सूरजगढ़ के मिडिल स्कूल में आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ आचार्य बलदेव द्वारा दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूल के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भागीदारी की। इस दौरान आयोजित योग शिविर में ग्राम सरपंच अभिमन्यु सहित मुख्याध्यापिका कमलेश कुमारी, स्टाफ सदस्य पवन, प्रवीण, शर्मिला, देवेंद्र, एसएमसी मेंबर मोहम्मद, गीता, प्रमिला व पुष्पा आदि ने भी भाग लिया। दो दिवसीय योग शिविर में आचार्य ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को विभिन्न योगासनों व प्राणायामों जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति, शीतली, शेतकरी, पवनमुक्तासन, हलासन, भुजंगासन, मर्कटासन व सूक्ष्म व्यायामों के लाभों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए भी प्रेरित किया।



झज्जर। शिविर के दौरान योगासनों का अभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित समाचारों की एमसीएसी करेगी निगरानी

**झज्जर।** भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एससीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए 24 व 25 मई को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता की अवहेलना मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा।



कैप्टन शक्ति सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी झज्जर।

# हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा पर रवाना हुए वकील

- वकीलों ने एडवोकेट विक्रम छिल्लर द्वारा नि:शुल्क यात्रा आयोजित करने की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एडवोकेट विक्रम छिल्लर के नेतृत्व में शुक्रवार को वकीलों का एक जत्था दो दिवसीय यात्रा के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश की ओर रवाना हुआ। कांग्रेस नेता अरुण खत्री व प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान बलराज दलाल ने झंडी दिखाकर वकीलों की बस को रवाना किया। वकीलों ने एडवोकेट विक्रम छिल्लर द्वारा निःशुल्क यात्रा आयोजित करने की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेंद्र लोहचब, पूर्व सहसचिव सौरभ डागर, ललित सैनी, अमित जांगड़ा, पवन पांचाल, सोमबीर राठी, संदीप मलिक, रविंद्र लाठर, मनोज राठी, संजय कुमार, अजीत कुमार, शैलेंद्र यादव, आनंद कुमार, जितेंद्र कुमार, कुलविंद्र देशवाल, पवन सैनी, आकाश कुमार, पारस प्रताप, जितेंद्र , प्रमोद राठी व सुमित देशवाल आदि वकील मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। वकीलों को हरिद्वार-ऋषिकेश रवाना करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

# लॉरेंस गैंग का शूटर पूर्व बॉक्सिंग प्लेयर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने लॉरेंस गैंग के शूटर व पूर्व राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग खिलाड़ी को गिरफ्तार किया है। इस पर कीर्ति नगर और फर्श बाजार क्षेत्र में व्यवसायियों पर गोलीबारी की दो घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। आरोपी इसके अलावा भी दिल्ली में हत्या और हत्या के प्रयास के दो मामलों में शामिल रहा था। इसके पास से तीन पिस्टल, एक रिवॉल्वर और एक दर्जन कारतूस के साथ दो स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी शूटर दुबई में बैठे आशीष उर्फ कालू (बर्खास्त कांस्टेबल) का करीबी बताया जाता है। लॉरेंस गैंग के साथ हासिम बाबा, रोहित गोदारा और काला जठेड़ी गैंग का भी गठजोड़ है। पुलिस के अनुसार हत्थे चढ़े शूटर का नाम अभिनव वर्मा उर्फ बॉक्सर पुत्र अशोक वर्मा निवासी गुरु नानक नगर, विकासपुरी है। 18 दिसंबर 2023 को कीर्ति नगर क्षेत्र में गोलीबारी की वारदात सामने आई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए दिल्ली पुलिस की कई टीमें केस पर काम कर रही थी। स्पेशल सेल, दक्षिणी रेंज की टीम ने भी उक्त मामले पर काम करना शुरू किया और प्रयास तब सफल हुए जब उन्हें पता चला कि एक कुख्यात अपराधी अभिनव वर्मा वारदात में शामिल था। आखिर में टीम को एक विशेष इनपुट प्राप्त हुआ और डीडीए स्पोर्ट्स पार्क, सेक्टर- 3, रोहिणी के पास से इस बदमाश को पकड़ लिया गया। वर्मा शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। 2012 में इसे पश्चिम विहार के अपने दोस्त की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मामले में वह छळ साल तक जेल में रहा और हासिम बाबा और उसके करीबी आशीष उर्फ कालू (बर्खास्त सिपाही) के संपर्क में आकर उनके गिरोह में शामिल हो गया। जमानत पर बाहर आने के बाद वह गिरोह के लिए काम करने लगा। वह कुछ एप आधारित नंबरों के माध्यम से मुख्य सरगनाओं और उनके सहयोगियों के संपर्क में रहता था। यह 2021 में फिर से मंगोलपुरी के मामले में जेल गया। इस बार यह एक साल में जेल से बाहर आया। पूछताछ में यह भी पता चला कि आशीष उर्फ कालू दुबई से गोल्डी बराड़ व लॉरेंस बिश्नोई गिरोह चला रहा है।



# पत्नी और बेटी की हत्या कर शख्स फंदे से झूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बाहरी जिले के निहाल विहार में शुक्रवार सुबह एक घर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। दो की हत्या धारदार हथियार से की गई थी जबकि एक फंटे से लटका हुआ था। पुलिस का कहना है कि अजय (42) नामक शख्स ने फांसी लगाने से पहले पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की हत्या की है। उसके इस कदम के पीछे क्या कारण रहे इसका पता लगाने के लिये परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार घर में तीन लाशें मिलने की सूचना सुबह करीब साढ़े नौ बजे निहाल विहार पुलिस को मिली। पुलिस आरजेडई 136, गली नंबर 5, पहुंची। मकान की मालिक ने बताया कि वह पहली मंजिल पर रहते है जबकि मृतक अजय शर्मा का परिवार ग्राउंड फ्लोर पर रहता था। एएसआई मदन ने घर के अंदर जाकर देखा तो अजय पुत्र राम चंद्र पंखे पर लटका हुआ था। उसके शरीर पर खून लगा था।

## कॉलेज के लिए निकला बीटेक का छात्र गायब

**रेवाड़ी।** सहारनवास कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई करने वाला एक छात्र गायब हो गया। पुलिस शिकायत में बीकानेर निवासी सुंदरी ने बताया कि उसका बेटा 21 वर्षीय रविंद्र सहारनवास कॉलेज से बीटेक कर रहा है। 3 अप्रैल को वह कॉलेज जाने के लिए घर से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने के बाद अपने स्तर पर पूछताछ की तो पता चला कि वह एक युवक के साथ बाइक पर गया था। इसके बाद वह कॉलेज नहीं पहुंचा। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

**सूचना**

मैं, रविंद्र पुत्र श्री औमप्रकाश निवासी गांव बामनौली, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम और पुत्रवधु निधि मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए उन्हें उनके बच्चों सहित अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। विक्रम, उसकी पत्नी निधि व उनके बच्चे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, श्रीमती निर्मला पत्नी स्व. श्री रामनिवास निवासी 572, गांव आसौदा सिवान बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप व उसकी पत्नी भावना मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, नारायण सिंह पुत्र खुशिया राम, निवासी गांव दुजाना, जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मैंने वर्ष 2023 में अपने पुत्र रविंद्र कुमार व उसकी पत्नी संतोष को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल किया था। लेकिन अब मेरा उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु मेरे कहे अनुसार कार्य करते हैं। इसलिये मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति में हिस्सेदार बनाता हूं।

**कार्यक्रम** पीजीआईएमएस की वीसी डॉ. अनीता सक्सेना ने कहा-भारत से आमवातीय हृदय रोग समाप्त नहीं हुआ

# यूएसए के विदेशी प्रतिनिधियों के दल ने रुमेटिक हृदय रोग पर चर्चा के लिए पीजीआई का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एडवर्ड्स लाइफ साइंसेज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए के विदेशी प्रतिनिधियों के एक दल ने रुमेटिक हृदय रोग, भारत में इसकी समस्या और आरएचडी के उन्मूलन के संभावित समाधान पर गहन चर्चा करने के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्व विद्यालय का दौरा किया। बैठक की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक की कुलपति डॉ. अनीता सक्सेना ने की, जो एक प्रसिद्ध बाल चिकित्सा हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। उनके साथ डॉ. एचके अग्रवाल रजिस्ट्रार यूएचएस और डॉ. एसएस लोहचब निदेशक पीजीआईएमएस, डॉ केएस लालर और डॉ. अश्विनी यादव कार्डियोलॉजी विभाग से, डॉ सुधीर अत्री और डॉ दीपक जैन मेडिसिन विभाग से, डॉ कपिल भल्ला बाल चिकित्सा विभाग से, डॉ वरुण अरोड़ा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से मौजूद थे। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एडवर्ड्स लाइफ साइंसेज के प्रतिनिधियों में डॉ. क्रिस्टीना, डॉ. स्वाति, डॉ. एंड्रयू, डॉ.क्रिस्टेंसन आदि शामिल थे। बैठक का समन्वयन प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ गौरव चतुर्वेदी ने किया। डॉ. अनीता सक्सेना ने मीटिंग के दौरान बताया कि भारत से आमवातीय हृदय रोग अभी भी समाप्त नहीं हुआ है। यूपी और बिहार से बहुत से मामले अभी हृदय शल्य चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली और रोहतक पीजीआईएमएस में आते हैं। पेनिसिलिन एंटीबायोटिक दवाओं की प्रोफिलैक्सिस खुराक से आरएचडी को आसानी से रोका जा सकता है, लेकिन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में जागरूकता की कमी है और इस रोग और इसकी रोकथाम के बारे में लोगों में जानकारी का अभाव है।



रोहतक। बैठक को सम्बोधित करतीं हुई कुलपति डॉ. अनीता सक्सेना।

### स्वाब परीक्षण की सलाह देनी चाहिए

डॉ. कपिल भल्ला ने बताया कि कुछ संकेत और लक्षण हैं जो स्ट्रेप्टोकोकल गले के संक्रमण के संकेत देते हैं, जहां डॉक्टर को संक्रमण की पहचान करने के लिए स्वाब परीक्षण की सलाह देनी चाहिए, इससे प्रारंभिक निदान और भविष्य की जटिलताओं की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

### पीजीआई की जांच और उपचार से प्रभावित

आरएचडी विषय पर सार्थक विचार-विमर्श के बाद, टीम ने कुछ रोगियों और उनके परिवारों से मिलने के लिए लाला श्याम लाल सुपर स्पेशियलिटी बिल्डिंग का दौरा किया और इस रोग से संबंधित सामाजिक-पर्यावरण कारकों को समझने के लिए उनकी कहानियां और अनुभव सुने। टीम पीजीआईएमएस रोहतक में प्रदान की गई जांच और उपचार के तौर-तरीकों से प्रभावित हुई और कुलपति के कुशल नेतृत्व में समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि अनुभवी संकाय से सभी मूल्यवान इनपुट नोट किए जाएं और वे इस मुद्दे पर अधिक समझ के लिए एसजी पीजीआई का दौरा करने जा रहे हैं।

## किशनगढ़ में रात को एक घर से दो मोबाइल फोन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

कस्बा महम के साथ सटे किशनगढ़ गांव में रात को दो भाइयों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में किशनगढ़ गांव निवासी अमित पुत्र नरेंद्र ने बताया कि वह और उसका भाई सुमित अपने घर में बनी बैठक में रात को सो रहे थे। सुबह पांच बजे जब वह और उसका भाई उठे तो उनके मोबाइल फोन वहां पर नहीं मिली। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्हें शक है कि गांव के ही बत्तख ने उनके मोबाइल फोन चोरी किए हैं। महम पुलिस ने बत्तख के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी मालिक ने चालक पर लगाया चोरी का आरोप

**झज्जर।** गाड़ी मालिक ने चालक पर गाड़ी के टायर व तेल चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में छुड़ानी निवासी सत्यवान ने बताया कि वह मिट्टी डालने का काम करता है। उसने अपनी गाड़ी पर ललित नामक युवक को चालक रखा हुआ है। ललित कुमार उसकी गाड़ी को वीरवार को सिवाना गांव के भट्ठे पर छोड़ कर चला गया। ऐसे में उसकी गाड़ी के दो टायर, तेल व उसका फोन भी गायब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शहर के मेन बाजार में वितरित किए झंडे

**बहादुरगढ़।** भाजपा स्थापना दिवस को लेकर शुक्रवार को शहर के मेन बाजार में झंडे वितरित किए गए। पूर्व विधायक नरेश कौशिक व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने मेन बाजार में झंडे वितरित किए। किला मोहल्ला में भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। रविवार की शाम को रेलवे रोड व नाहरा-नाहरी रोड पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और इस दौरान भाजपा का झंडा भी वितरित किया जाएगा।

### बेरी में रक्तदान शिविर कल

**झज्जर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में बेरी के अग्रवाल स्वागत भवन में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र की गैर-सरकारी संस्था युवा जागृति एवं सामाजिक उत्थान मंच द्वारा सुबह नौ बजे से शुरू किए जाने वाले इस रक्तदान शिविर में एम्स बाढ़सा ब्लड बैंक व स्थानीय नागरिक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक की टीमें सेवाएं देंगी।

### मतदान के लिए जागरुकता अभियान जारी

**बहादुरगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधियां निरंतर जारी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को एसडीएम परमजीत चहल ने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को वोट पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। एसडीएम ने कहा कि मतदान करते हुए हमें एक सशक्त और सक्रिय नागरिक होने की जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। स्वयं मतदान करने के साथ ही अपने आसपास व परिजनों को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने किया महिला थाने का निरीक्षण

# पुलिस ने 76 मामलों में 60 का किया निपटारा

हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों से शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा बर्ताव करने पर जोर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को बहादुरगढ़ में दस्तक दी। यहां उन्होंने महिला पुलिस थाने का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी से शिकायतों, केसों के संबंध में चर्चा की और शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों से शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा बर्ताव करने पर जोर दिया।

अग्रवाल ने थाने में आई कई महिला शिकायतकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान एक मामले का तो मौके पर समझौता करा निपटारा करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं से फोन पर भी बातचीत की और उनसे जाना कि महिला थाने की टीम ने आपकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की और आपके प्रति उनका व्यवहार कैसा रहा। सोनिया अग्रवाल ने बताया कि एक जनवरी से अब तक थाने में एसपी आफिस से 22 शिकायतें आई, जिनमें से 17 का समाधान कर दिया गया है। जबकि थाने में सीधे आए 54 मामलों में से 43 का समाधान किया गया है।

उन्होंने थाना प्रभारी राजेश व स्टाफ के कार्य की तारीफ करते हुए ये आशा जताई कि जल्द ही पेंडिंग मामलों का निपटारा भी कर दिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि बहादुरगढ़ थाने का निरीक्षण किया। साफ-सफाई लेकर अन्य व्यवस्थाएं बेहतर मिली हैं। थानें में आई शिकायतों पर भी संतुष्टिजनक काम किया गया है। सरकार व पुलिस का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा मामलों को निपटाकर परिवारों को टूटने से बचाया जाए। इस दिशा में पुलिस उचित कार्रवाई कर रही है। महिलाओं से भी यही अपील है कि अन्याय न सहें, कुछ गलत हो तो पुलिस के पास पहुंचे।


बहादुरगढ़। थाने में पहुंची महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल। फोटो: हरिभूमि

# दुकान में घुसकर दंपति को पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- हमलावरों ने गालियां देते और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया

रेलवे रोड स्थित एक दुकान में घुसकर व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी को भी पीटा गया। लाठी-डंडों से हुए हमले में दोनों चोटिल हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत दे दी है। मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़ा है। इस संबंध में पुलिस ने एससी एसटी एक्ट, मारपीट तथा धमकी देने की धारा के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में लाइनपार के निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी पत्नी का रेलवे रोड पर ब्यूटी पार्लर है। पत्नी ने दिसंबर 2023 में बहादुरगढ़ के निवासी अशोक से ब्याज पर 25 हजार रुपये लिए थे। इसकी एवज में हर रोज 400 रुपये किश्त देती है। अभी कुछ समय पहले बीमार होने के कारण मेरी पत्नी सात किश्त नहीं दे पाई थी। गत तीन अप्रैल को अशोक अपने दो परिचितों के साथ हमारी दुकान पर आया। हमने उनको तीन किश्त दे दी। लेकिन वे पिछली बकाया किश्त भी तुरंत मांगने लगे। हमने कहा कि बाकी किश्त बाद में दे देंगे। इसी बात पर वे तैश में आ गए और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। फिर दुकान से बाहर निकालकर डंडों से हमला कर दिया। मेरी पत्नी ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। हमलावरों ने गालियां देते और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए हमें जान से मारने की धमकी दी। आसपड़ोस के लोग इकट्ठे हुए तो हमलावर धमकी देकर चले गए। उधर, सिटी थाना पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले की असल हकीकत सामने आ पाएगी।


बहादुरगढ़। छात्राओं के साथ बीके अंजलि बहन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### जसौरखेड़ी में किया छात्राओं का मार्गदर्शन

**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अनिल कुमारी की अध्यक्षता में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र बहादुरगढ़ द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. बीके लवकेश व बीके अंजलि बहन ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान देकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उचित एवं पौष्टिक आहार के बारे में अवगत करवाया। सकारात्मक सोच एवं अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

# पढ़ाई, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा स्थित फुटबॉल नर्सरी के विद्यार्थी खेल और पढ़ाई, दोनों क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल प्रतियोगिताओं और परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। डीएफए पदाधिकारियों, ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

नर्सरी की कोच मनीषा जांगड़ा ने बताया कि नूना माजरा व आसपास के इलाके में फुटबॉल का काफी क्रेज है। इसलिए यहां नूना माजरा में फुटबॉल नर्सरी में अलॉट की गई है। नर्सरी में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली बच्चे हैं। अंडर-14, अंडर-17 आदि आयुवर्ग में लड़के-लड़कियों ने स्कूल, जिला, राज्य स्तर पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अंडर-14 में मोहित, सावन, दीनू, जतिन तथा अंडर-17 में राहुल ने भाग लिया था। श्वेता ने एमडीयू की ओर से खेलते हुए नार्थ यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लिया। हरियाणा राज्य महाकुंभ में संजना, तनिष, पंकज, विजय, अंकुश आदि ने हिस्सा लिया था।

हरियाणा वूमेन लीग में भी नर्सरी की लड़कियों ने पहला स्थान हासिल किया था। केवल खेल ही नहीं, पढ़ाई में भी कई बच्चों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अपनी-अपनी कक्षाओं में शुभम, निशु पहले, राहुल, चिंटू, वंशु, गोरांश दूसरे तनिष्का, अनुज, गोविंदा और हार्दिक आदि ने तीसरा स्थान पाया है। डीएफए सचिव सुरेश जून, ग्राम प्रधान जयभगवान, मंगतराम, महावीर, राजबीर, सतपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



बहादुरगढ़। कोच व ग्रामीणों के साथ खेल और पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# श्याम सलोना महोत्सव में लगाई हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव लडरावन में स्थित नया शिव मंदिर परिसर में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का द्वितीय श्री श्याम सलोना महोत्सव, विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। चुलकाना धाम के रिंकल पुजारी के सानिध्य में हुए महोत्सव में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल राठी, भाजपा के जिला मंत्री नरेश भारद्वाज, डॉ. गिरीश गुप्ता, पवन सैनी व मुकेश शर्मा ने भी कार्यक्रम में हाजिरी लगाई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। आयोजन समिति सदस्य दीपक, मनीष सरपंच, विकास, पिंकू, सुनील, विक्रम, अशोक व सुमित आदि ने पटका पहनाकर व श्री श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर उनका सम्मान किया।



बहादुरगढ़। अतिथियों को सम्मानित करते आयोजन समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# प्रिंस ने नोएडा में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के हरदयाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी ने नोएडा में आयोजित चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। नोएडा के सेक्टर-6 में हुई ऑल इंडिया क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हरदयाल पब्लिक स्कूल के छात्र प्रिंस सैनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि के बाद उसे विश्व क्रॉसमिंटन चैंपियनशिप के लिए चुना गया।

वहां भी प्रिंस ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर विद्यालय के साथ ही माता-पिता का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव और प्रधानाचार्या अंशु यादव ने प्रिंस को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बहादुरगढ़। रजत पदक विजेता प्रिंस के साथ अनुराधा यादव व अंशु यादव।

# कंपनी से निकला गार्ड घर नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

कंपनी से छुट्टी के बाद घर की ओर निकला एक गार्ड संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं है। परिचितों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में अशोक ने कहा है कि वह सेक्टर-16 स्थित एक जूता कंपनी में सुपरवाइजर है। हमारी कंपनी में बिहार मूल का चुन्नू प्रसाद बतौर गार्ड काम करता है। गत दो अप्रैल की शाम को चुन्नू प्रसाद छुट्टी के बाद अपने घर के लिए निकला था लेकिन इसके बाद अगले दिन कंपनी में नहीं आया। चार अप्रैल को चुन्नू की बेटी का कंपनी में फोन आया कि वो तो घर पर आए ही नहीं। इसके बाद तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापने पर होगी कार्रवाई

**बेरी।** एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी रविंद्र मलिक ने क्षेत्र के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरुद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### मकान में घुसकर वाहन चुराया

**बहादुरगढ़।** रोहद स्थित एक मकान में वारदात हो गई। अज्ञात चोर मकान में से बाइक चुरा कर ले गए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के निवासी राकेश कुमार का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से रोहद में रह रहा है। उसकी बाइक मकान की गैलरी में खड़ी थी। तीन अप्रैल की रात को खाना खाकर सो गया। वीरवार की अल सुबह करीब चार बजे उठा तो बाइक नहीं मिली। कोई मकान में घुसकर चुरा ले गया। अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


झज्जर। कंपनी अधिकारियों व शिक्षकों के साथ चयनित छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

# करियर प्लेसमेंट ड्राइव में 24 छात्राओं का चयन

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में करियर प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंश्योरेंस देखो ग्रुप द्वारा लाइफ एंड हेल्थ एडवाइजर एवं रिलेशनशिप मैनेजर के पद के लिए कॉलेज की बीए, बीएससी, एमए तथा एमएससी फाइनल ईयर की लगभग 85 छात्राओं का ग्रुप डिस्कशन कराया गया। इस दौरान इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश एज ए लैंग्वेज, इंपैक्ट ऑफ सोशल मीडिया ऑन इंडियन यूथ, एफर्ट्स ऑफ वीमेन एंपावरमेंट, ई-कॉमर्स एडवांटेजेस एंड डिसएडवांटेज आदि विषयों को शामिल किया गया। इंश्योरेंस देखो कंपनी के अधिकारी हर्ष व अश्वनी तथा हुमन रिसोर्स मैनेजर अभय चौहान ने ग्रुप डिस्कशन कराने के बाद 24 छात्राओं का चयन करते हुए उन्हें दो दिनों के अंदर अपना सीवी जमा कराने की बात कही। मंच संचालन विज्ञान विभाग प्रभारी डॉक्टर अनुपमा यादव द्वारा किया गया। प्रिंसिपल डॉक्टर माधवी शर्मा ने छात्राओं को इस प्रकार के अवसरों का उचित उपयोग करने एवं अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# कैंप संपन्न होने पर दिए प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर के समापन कार्यक्रम में एमडीयू के पूर्व एनएसएस कोर्डिनेटर रणबीर गुलिया उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने कार्यकाल के अनुभवों से अवगत करवाया। स्वयंसेवकों को समाज की सेवा करने और अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इसमें दीपिका, अनमोल, अन्नू और मनिता आदि ने नृत्य-गीत व कविता प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य आनंद कादयान ने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम शर्मा व विकास शर्मा ने की। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. मंजू, डॉ. शर्मिला, समता, आरती, बेबी, निशा, उर्मिला, नवीन, राकेश, संजय व सुभाष आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देते रणबीर गुलिया व अन्य।

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 ×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### मोटरसाइकिल सवार ने महिला को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**झज्जर।** छुछकवास गांव में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने महिला को टक्कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बीड़ छुछकवास निवासी शंकुतला पत्नी राजसिंह ने बताया कि जब बीती दो अप्रैल की शाम वह अपने पति राज सिंह के साथ अपने घर के सामने सड़क किनारे खड़े थे तो एक तेज रफ्तार से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से जहां वह जमीन पर गिरकर घायल हो गई वहीं मोटरसाइकिल सवार भी संतुलन बिगड़ने के कारण गिर गया। शंकुतला के अनुसार ऐसे में मोटरसाइकिल चालक नरेंद्र जो मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है और फिलहाल उन्हीं के गांव में रहता है अपनी मोटरसाइकिल छोड़ कर मौके से भाग निकला। बाद में शंकुतला के पति द्वारा उसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मॉक ड्रिल कर आग पर नियंत्रण पाने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा विषय पर मॉक ड्रिल की गई। दमकल कर्मचारियों ने अस्पताल के कर्मचारियों को आग बुझाने के तौर तरीके समझाए, साथ ही आगजनी के दौरान बचाव के उपाय भी समझाए गए। इस दौरान अस्पताल में लगे अग्निश्मन यंत्रों के इस्तेमाल की जानकारी भी स्टाफ को दी गई।

पीएमओ अंजू कादयान, डीएमएस देवेंद्र मेघा ने बताया कि अस्पताल में उपकरण तो लगाए गए हैं लेकिन यदि हमें इन उपकरणों को चलाने की कोई जानकारी न हो तो यह उपकरण जरूरत पड़ने पर हमारे लिए कोई काम नहीं आएंगे। ऐसे में हर स्टाफ सदस्य को अग्निश्मन यंत्रों का इस्तेमाल करने की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। इस दौरान फायर आफिसर पंकज ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले फायर अलार्म को सक्रिय करें। फिर आग-आग चिल्ला कर आमजन को सचेत करें। आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करें और धुएं से घिरे होने पर अपने नाक और मुंह को गीले कपड़े से ढक लें। आग लगने पर तुरंत 101 नंबर डायल करें। सब फायर आफिसर रवींद्र ने बताया कि यदि आग को शुरुआत में ही नियंत्रण कर लिया जाए तो बड़ी दुर्घटना होने से रोकी जा सकती है। चूंकि बहुत से लोगों को आग पर नियंत्रण पाने की जानकारी नहीं होती तो वे समर्थ नहीं हो पाते। इसलिए इस दिशा में जागरूकता जरूरी है। अस्पताल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। मौके पर डॉ. विनय देशवाल, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. अरुण राठी, डॉ. सुनीता, अग्निशमन केंद्र से सब फायर आफिसर पंकज, ऋषिराज, राजबीर, संदीप, तारीफ, मनीष, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल परिसर में की जा रही मॉक ड्रिल। फोटो: हरिभूमि